DT दीनार टाइम्स



# सीएसए का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को

## 372 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां, 33 मेधावियों को पदक, बिम्सटेक महासचिव इंद्रमणि पांडेय होंगे मुख्य अतिथि



संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी, जबकि बिम्सटेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कुल 372 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां एवं डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 69 शोधार्थियों को पीएचडी, 179 विद्यार्थियों को बीएससी कृषि, 28 को बीएससी उद्यान, 19 को बीएससी वानिकी, 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 52 को बीटेक, 8 को बीएफएससी तथा 7 विद्यार्थियों को बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी की डिग्री प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें 9 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 विश्वविद्यालय रजत पदक, 9 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 6 प्रायोजित स्वर्ण पदक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्यपाल की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को मंच से अधिकतम 25 पदक प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि सीएसए में कुल 33 विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाना है। ऐसे में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप पदक वितरण की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और कार्यक्रम को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अंतिम तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सीएसए का दीक्षान्त कल, मेधावियों को 33 मेडल व 372 उपाधियां मिलेगी



वार्ता करते सीएसए के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता व अन्य।

## रिजल्ट में देरी से दीक्षांत में पीजी कृषि, एमबीए के कुल 250 विद्यार्थी शामिल नहीं होंगे

कानपुर, 8 जुलाई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई 2026 को कैलाश भवन के सभागार में होगा। दीक्षान्त में बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल करेंगी। दीक्षान्त में राज्यपाल मेधावियों को 33 पदकों के अलावा 372 उपाधियां वितरित करेगी। साथ ही पीजी और एमबीए कृषि में कुल 250 विद्यार्थियों को रिजल्ट न आने के कारण दीक्षान्त मेडल-उपाधियां नहीं दी जाएगी। आंगनबाड़ी किट वितरण और, मां-बेटी सम्मेलन भी होगा।यह जानकारी सीएसए के कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने आज पत्रकारों को दी। कुलपति ने बताया कि 10 जुलाई यानि शुक्रवार दोपहर को होने वाले दीक्षान्त में इस बार कुल 372 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 69 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 179 को बीएससी कृषि, बीएससी उद्यान 28, बीएससी फॉरेस्ट्री के 19 तथा विश्वविद्यालय 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 52 को बीटेक की विभिन्न शाखाओं में तथा 8 को बीएफएससी, 7 बीटेक डेरी टेक्नोलॉजी की डिग्री दी जाएगी। कुलपति ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 33 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विभिन्न पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें 14 पदक मेधावी छात्राओं को और 19 पदक छात्रों को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार करीब 400 छात्राओं की रक्तजांच, पोषण की जांच की गई, जिसमें 10 छात्रों को होम्योग्लोबिन कम रहा उन्होंने पोषण डाइट की सलाह दी गई। मां-बेटी सम्मेलन में छात्राओ की डाइट को प्राथमिकता दी जाएगी। विवि की कुलसचिव श्रीमती रेनू सिंह ने बताया कि 9 लोगों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। जबकि 6 लोगों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। वार्ता के दौरान अर्थ नियंत्रक संजय राय सहित सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक आदि मौजूद रहे।

# CSAUA&T convocation on July 10



**PIONEER NEWS SERVICE**
Kanpur

The 28th convocation of Chandrashekhar Azad University of Agriculture and Technology (CSAUA&T), Kanpur, will be held on July 10.

Ambassador Indramani Pandey, Secretary General of BIMSTEC, will be the chief guest. University's Chancellor and Uttar Pradesh Governor Anandiben Patel will preside over the ceremony.

In a press conference, Vice-Chancellor Dr Sanjeev Gupta stated that a total of 372 students will be awarded various degrees.

He stated that 33 students will be awarded various medals for outstanding academic performance.

Registrar Renu Singh announced that nine students will be honoured with the Chancellor's Gold Medal, nine with the University Silver Medal, nine with the University Bronze Medal, and six will receive sponsored Gold Medals.

Finance Controller Sanjay Rai, along with all deans, directors, and department heads, was present at the press conference.

कानपुर से प्रकाशित
बहुभाषी दैनिक समाचार पत्र
E-mail :- deekshalayapravah@gmail.com
# दीक्षालय प्रवाह
RNI number-upmul-2023/88378
वर्ष : 04 अंक : 30 कानपुर, 09 जुलाई, 2026 पेज-8 मूल्य : 3 रुपये
> पढ़ें पेज 2 पर

## सीएसए के दीक्षांत समारोह में 372 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां 33 को विभिन्न पदकों से किया जाएगा सम्मानित



कानपुर (संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को आयोजित होगा। समारोह में बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी करेंगी। आज हुई प्रेस वार्ता में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि इस बार कुल 372 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 69 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि,179 को बीएससी कृषि, बीएससी उद्यान 28, बीएससी फॉरेस्ट्री के 19 तथा विश्वविद्यालय 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 52 को बीटेक की विभिन्न शाखाओं में तथा 8 को बीएफएससी,7 बीटेक डेरी टेक्नोलॉजी की डिग्री दी जाएगी। कुलपति डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 33 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विभिन्न पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें 14 पदक मेधावी छात्राओं को और 19 पदक छात्रों को दिए जाएंगे। यह विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। कुलसचिव श्रीमती रेनू सिंह ने बताया कि 9 लोगों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। जबकि 6 लोगों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अर्थ नियंत्रक श्री संजय राय सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक गण एवं विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# दैनिक जागरण 09/07/2026

# सीएसए में 33 को पदक व 372 विद्यार्थियों को कल मिलेगी डिग्री

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता, बिम्सटेक महासचिव डा. इंद्रमणि पांडेय होंगे मुख्य अतिथि**

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 28वां दीक्षा समारोह 10 जुलाई को होगा। समारोह में 372 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी, जबकि शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 33 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण, विश्वविद्यालय रजत, विश्वविद्यालय कांस्य और प्रायोजित स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्षता राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) के महासचिव डा. इंद्रमणि पांडेय होंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी समारोह में शामिल होंगे।



28वें दीक्षा समारोह की जानकारी देते सीएसए के कुलपति डा. संजीव गुप्ता (बाएं से दूसरे) साथ में विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी● सीएसए

बुधवार को विश्वविद्यालय में पत्रकार वार्ता में कुलपति डा.संजीव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष पदकों में छात्रों ने बाजी मारी है। 9 कुलाधिपति स्वर्ण पदक पांच छात्र और चार छात्राओं को, नौ विश्वविद्यालय रजत पदक में चार छात्र और पांच छात्राओं को, 9 विश्वविद्यालय कांस्य पदक में पांच छात्र और चार छात्राओं को, छह प्रायोजित स्वर्ण पदक में पांच छात्र और एक छात्रा को दिए जाएंगे। कुल 19 छात्र और 14 छात्राओं को पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 179 को बीएससी कृषि, 18 को बीएससी उद्यान, 19 को बीएससी फारेस्ट्री, 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 19 को बीटेक-कृषि, तीन को बीटेक-इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन, एक को बीटेक-मैकेनिकल, 29 को बीटेक-कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सात को बीटेक-डेयरी टेक्नोलाजी, आठ को बीएफएस-सी की डिग्री दी जाएगी। इसी तरह 55 को कृषि, चार को गृहविज्ञान और 10 को उद्यान की पीएचडी उपाधि दी जाएगी। रजिस्ट्रार रेनू सिंह, वित्त अधिकारी संजय राय, डीन कृषि डा. कौशल कुमार, निदेशक प्रसार डा. वीके त्रिपाठी, डा.विजय यादव, डा. नौशाद खान, डा. खलील खान आदि रहे।

**अगले दीक्षा समारोह में परास्नातक के मेधावियों को पदक :** कुलपति ने बताया कि परास्नातक कोर्स के छात्रों का मानक के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। पेपर, वायवा आदि बाकी होने से इन छात्रों का परिणाम नहीं आया है। जल्द ही इन छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। इन पाठ्यक्रम के मेधावियों को अगले वर्ष होने वाले दीक्षा समारोह में पदक के लिए शामिल किया जाएगा।

**राज्यपाल की नाराजगी के बाद बदली परिसर की तस्वीर :** राज्यपाल के निर्देश पर सीएसए में पिछले एक माह से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। भवनों के अंदर से लेकर ऊपर तक सफाई की जा रही है। कई वर्षों बाद विवि के सभी भवनों की रंगाई-पुताई की गई है, जिससे विश्वविद्यालय कैंपस की सूरत ही बदल गई है। पिछले दीक्षा समारोह में राज्यपाल ने गंदगी पर तत्कालीन कुलपति को मंच से जमकर फटकारा था। इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने वृहद अभियान चला रखा है। बुधवार को राजभवन की टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया। परिसर की साफ सफाई और समारोह की तैयारियों आदि का जायजा लिया।

Times of india 09/07/2026

# CSA Univ of Agriculture convocation on July 10

**Kanpur:** The 28th convocation ceremony of Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology, Kanpur will be held on July 10. BIMSTEC secretary general ambassador Indramani Pandey will be the chief guest at the ceremony, while the event will be presided over by the university's Chancellor and Uttar Pradesh governor, Anandiben Patel.

Vice-chancellor Sanjeev Gupta talking to reporters here on Wednesday said that a total of 372 students will be awarded various degrees this time. These include PhD degrees to 69 students, BSc (Agriculture) to 179, BSc (Horticulture) to 28, BSc (Forestry) to 19, BSc (Community Science) to 10, BTech degrees in various branches to 52, BFSc to 8, and BTech (Dairy Technology) degrees to 7 students.

The vice-chancellor said that 33 students will also be awarded various medals for outstanding academic performance at this convocation ceremony.

Of these, 14 medals will be given to meritorious girl students and 19 medals to male students. TNN

Postal Regn No. THC/253/2021-2023

RNI: MAHHIN/2021/79655

दैनिक

भोर वैभव

महाराष्ट्र । उत्तरप्रदेश । राजस्थान । मध्यप्रदेश । बिहार

# सीएसए के दीक्षांत समारोह में 372 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां, 33 को विभिन्न पदकों से किया जाएगा सम्मानित

**भोर वैभव । दीपक गौड़**



**कानपुर ।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को आयोजित होगा समारोह में बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जी करेंगी प्रेस वार्ता में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि इस बार कुल 372 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी इनमें 69 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि,179 को बीएससी कृषि, बीएससी उद्यान 28, बीएससी फॉरेस्ट्री के 19 तथा विश्वविद्यालय 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 52 को बीटेक की विभिन्न शाखाओं में तथा 8 को बीएफएससी,7 बीटेक डेरी टेक्नोलॉजी की डिग्री दी जाएगी कुलपति डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 33 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विभिन्न पदक भी प्रदान किए जाएंगे इनमें 14 पदक मेधावी छात्राओं को और 19 पदक छात्रों को दिए जाएंगे यह विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं कुलसचिव रेनू सिंह ने बताया कि 9 लोगों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा जबकि 6 लोगों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा प्रेसवार्ता में अर्थ नियंत्रक संजय राय सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक गण एवं विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सीएसए का दीक्षांत समारोह कल 33 मेधावियों को दिए जाएंगे पदक

**372 स्टूडेंट्स को मिलेगी उपाधि**

**बिम्सटेक महासचिव इंद्रमणि पांडेय होंगे चीफ गेस्ट**

दैनिक कानपुर उजाला

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 28वें दीक्षांत समारोह में 33 मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलपति रजत पदक और कुलपति कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 372 छात्रों को डिग्री दी जाएंगी। इसमें 69 छात्रों को पीएचडी उपाधि दी जाएगी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी और मुख्य अतिथि के रूप में बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर डॉ. इंद्रमणि पांडेय होंगे। समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी विवि के



कुलपति सभागार में बुधवार को कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि पदकों में छात्रों ने बाजी मारी है। 9 कुलाधिपति स्वर्ण पदक में पांच छात्र और चार छात्रा को, 9 विवि रजत पदक में चार छात्र और पांच छात्रा को, 9 विवि कांस्य पदक में पांच छात्र और चार छात्रा को, 6 प्रायोजित स्वर्ण पदक में पांच छात्र और एक छात्र को दिया जाएगा। कुल 19 छात्र और 14 छात्रा को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं, 179 को बीएससी कृषि, 18 को बीएससी उद्यान, 19 को बीएससी फॉरेस्ट्री, 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 19 को बीटेक-कृषि, 3 को बीटेक-इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन, 1 को बीटेक-मैकेनिकल, 29 को बीटेक-कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, 7 को बीटेक-डेयरी टेक्नोलॉजी, 8 को बीएफएस-सी की डिग्री दी जाएगी। इसी तरह 55 को कृषि, 4 को गृहविज्ञान और 10 को उद्यान की पीएचडी उपाधि दी जाएगी। इस मौके पर विवि की रजिस्ट्रार रेनू सिंह, वित्त अधिकारी संजय राय, डीन कृषि डॉ. कौशल कुमार, निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. विजय यादव, डॉ. नौशाद खान, डॉ. खलील खान आदि मौजूद रहे।

विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि परास्नातक कोर्स के छात्रों का मानक के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। पेपर, वॉयवा आदि बाकी होने से इन छात्रों का परिणाम नहीं आया है। जल्द ही इन छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। हालांकि इन पाठ्यक्रम के मेधावियों को अगले वर्ष होने वाले दीक्षांत में पदक के लिए शामिल किया जाएगा। जिससे किसी मेधा का सम्मान कम न हो।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र | एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजिया

09:07:2026 | वर्ष 20 अंक 176 | RNI-No. UPHIN


## सीएसए के दीक्षांत समारोह में 372 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां



संवाददाता | 33 को विभिन्न पदकों से किया जाएगा सम्मानित

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को आयोजित होगा। समारोह में बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी करेंगी। आज हुई प्रेस वार्ता में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि इस बार कुल 372 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 69 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि,179 को बीएससी कृषि, बीएससी उद्यान 28, बीएससी फॉरेस्ट्री के 19 तथा विश्वविद्यालय 10 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 52 को बीटेक की विभिन्न शाखाओं में तथा 8 को बीएफएससी,7 बीटेक डेरी टेक्नोलॉजी की डिग्री दी जाएगी। कुलपति डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 33 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विभिन्न पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें 14 पदक मेधावी छात्राओं को और 19 पदक छात्रों को दिए जाएंगे। यह विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। कुलसचिव श्रीमती रेनू सिंह ने बताया कि 9 लोगों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 9 लोगों को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। जबकि 6 लोगों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अर्थ नियंत्रक श्री संजय राय सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक गण एवं विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।